DATE
PAGE No. 1

TENDER HEART HIGH SCHOOL

कक्षा : 5 विषय : हिन्दी व्याकरण

उपविषय : उपसर्ग (Prefix) Date-

Subject Teachers: Ms. Roma Rani

बच्चो! वर्णों के मेल से शब्द बनते हैं। कई शब्द ऐसे भी होते हैं, जिनसे हम कुछ अन्य शब्द भी बना सकते हैं। जब हम किसी शब्द के पहले कोई शब्दांश जोड़ते हैं तो एक नए अर्थवाला शब्द बन जाता है; जैसे —

1) प्र + देश = प्रदेश 2) वि + देश = विदेश

3) उप + देश = उपदेश 4) आ + देश = आदेश

उपर्युक्त सभी शब्दों का मूल शब्द देश है तथा भिन्न-भिन्न उपसर्गों के उससे पहले लगने के कारण उनके अर्थ में परिवर्तन आ गया है। ऐसे शब्दांशों को उपसर्ग कहते हैं।

Scanned with CamScanner

विषय - हिन्दी व्याकरण . कक्षा : 5

Subject Teachers: Ms. Roma Rani

## उपसर्ग

परिभाषा → वे शब्दांश जो किसी मूल शब्द से पहले जुड़कर उसका अर्थ बदल देते हैं, उन्हें उपसर्ग कहते हैं। जैसे –

| उपसर्ग/शब्दांश | मूल शब्द | नया शब्द |
|---|---|---|
| अ | सत्य, सम्भव | असत्य, असम्भव |
| अभि | यान, युक्त | अभियान, अभियुक्त |
| उप | वन, कार | उपवन, उपकार |

प्रत्यय के प्रकार →

हिन्दी भाषा में उपसर्ग तीन प्रकार के होते हैं –

उपसर्ग

- संस्कृत के उपसर्ग
- हिन्दी के उपसर्ग
- आगत उपसर्ग (अरबी, फ़ारसी तथा अंग्रेज़ी के शब्द)

Kreator

Scanned with CamScanner

कक्षा: 5 विषय: हिन्दी व्याकरण

## उपसर्ग

Teachers: Ms. Roma Rani

विद्यार्थियो, आपकी पुस्तक भाषा किरण में ये उपसर्ग Pg no. 71-72 पर दिए गए हैं। इन पृष्ठों को ध्यान से पढ़कर आप उपसर्ग के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**गृहकार्य** → विद्यार्थी पुस्तक में दिए उपसर्ग अपनी हिन्दी की व्याकरण नोट बुक में लिखेंगे तथा पढ़ेंगे। आपको आसान ढ़ग से उपसर्ग लिखकर भेजे जा रहे हैं ताकि आपको लिखने व समझने में आसानी रहे।

Note for the Parents:— अभिभावकों से आग्रह है कि वे दी विषय-वस्तु को ध्यान से पढ़कर बच्चों को समझाएँ तथा नोट बुक में लिखने के लिए प्रेरित करें।

Scanned with CamScanner

कक्षा : 5 विषय : हिन्दी व्याकरण

Teachers: Ms. Roma Rani

# उपसर्ग

| | उपसर्ग | उदाहरण |
|---|---|---|
| 1. | अ | अज्ञान, अधर्म |
| 2. | आ | आरंभ, आचरण |
| 3. | अन् | अनपढ़, अनगिनत |
| 4. | सु | सुपुत्र, सुगम |
| 5. | अभि | अभिलाषा, अभिनव |
| 6. | उत् | उत्कर्ष, उत्थान |
| 7. | निर् | निर्बल, निर्धन |
| 8. | प्रति | प्रतिकूल, प्रतिदिन |
| 9. | अव | अवगुण, अवगत |
| 10 | दुर् | दुर्गम, दुर्जन |

Creator

कक्षा : 5 विषय : हिन्दी व्याकरण

Teachers: Ms. Roma Rani

## उपसर्ग

| | उपसर्ग | उदाहरण |
|---|---|---|
| 11. | अध | अधखिला, अधपका |
| 12. | कु | कुपुत्र, कुकर्म |
| 13. | पर | परदेस, परलोक |
| 14. | नि | निडर, निहत्था |
| 15. | अनु | अनुसार, अनुशासन |
| 16. | परा | पराजय, पराक्रम |
| 17. | हर | हरदम, हरसाल |
| 18. | ना | नालायक, नापसंद |
| 19. | खुश | खुशबू, खुशहाल |
| 20 | हम | हमराज़, हम उम्र |

पुस्तक भाषा किरण-5 | कक्षा : 5 | विषय : हिन्दी व्याकरण (उपसर्ग)

| | उपसर्ग | उदाहरण |
|---|---|---|
| 21. | बे | बेकाबू , बेनाम |
| 22. | कम | कमज़ोर , कमउम्र |

नोट → उपर्युक्त उपसर्ग अपनी हिन्दी व्याकरण की नोट में विद्यार्थी ध्यानपूर्वक लिखेंगे। इन में दो-तीन नए उपसर्ग भी जोड़े गए हैं। पेज न 74, 75 पर दिया अभ्यास कार्य हल करने का प्रयास करें।

Teachers: Ms. Roma Rani

Last Page